रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 61] नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 10, 2017/पौष 20, 1938
No. 61] NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 10, 2017/PAUSA 20, 1938

IndiaCode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 जनवरी, 2017

का.आ. 70(अ).—भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का. आ. 1054 (अ) तारीख 11 मार्च, 2016, उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना अंतर्विष्ट है, उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करते हुए एक प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी;

और, उक्त राजपत्र जिसमें उक्त अधिसूचना अंतर्विष्ट है, की प्रतियां जनता को 11 मार्च, 2016 को उपलब्ध करा दी गई थीं ;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में सभी व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा सम्यक् रूप से विचार किया गया;

और, भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य, मुंगेर वन प्रभाग बिहार राज्य के मुंगेर, लखीसराय और जमुई जिले में 24°55' और 25°15' उत्तर के अक्षांश पर और 86°15' तथा 86°33' पूर्व के देशांतर पर अवस्थित है और जिसका विस्तार 681.90 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र है;

और, इस अभयारण्य में वनस्पति और प्राणियों की प्रचुर जैविक महत्व का प्रतिनिधित्व है;

और, इस अभयारण्य में तेंदुआ (*पेन्थेरा प्रज्घूस*), रीछ(*मेलउर्सुस उर्सिनस*) के अलावा जैसे लकड़बग्घा(*ह्योना स्पा*), भेडिया(*कैनिस लुपस*), भारतीय गंधबिलाव (*वीवेर ज़िबेथ*), मुंजक(*मुन्टिएक्स मुन्तजक*) संकटापन्न जीव प्रजातियों सहित वन्यजीवों और ऐसे सरीसृपों, उभयचरों तथा पक्षियों को आश्रय देता है जो संकटापन्न हैं और संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं;

और, इस अभयारण्य के भू-दृश्य और वन ऊपर उल्लिखित वन्य जीवों के लिए उपयुक्त प्राकृतिक आवास है और उष्णकटिबंधी शुष्क पर्णपाती तथा उष्णकटिबंधी आर्द्र पर्णपाती वनों वाली वनस्पति की विविधता की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण भी है ;

और, भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बिहार राज्य में भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 200 मीटर से 5 किलोमीटर तक के विस्तार तक के क्षेत्र को भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं--(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन के क्षेत्र का विस्तार 434.35 वर्ग किलोमीटर तक होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर 200 मीटर से 5 किलोमीटर तक होगी।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध I** में दी गई है।

(3) भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के निर्देशांक बिंदु **उपाबंध II** में दिए गए है और पारिस्थितिक संवेदी जोन के निर्देशांक **उपाबंध III** में दिए गए है ।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र अक्षांश और देशांन्तर के साथ सीमा के ब्यौरा सहित **उपाबंध IV** के रूप में उपाबद्ध है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) आचंलिक महायोजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी ।

(3) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस तरह, इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(4) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;
(ii) वन ;
(iii) नगर विकास ;
(iv) पर्यटन ;
(v) नगरपालिका ;
(vi) राजस्व ;
(vii) कृषि ;
(viii) बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ;
(ix) सिंचाई; और
(x) लोक निर्माण विभाग ।

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी ।

(8) आंचलिक महायोजना स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए, पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिक अनुकूल विकास के लिए विनियमित करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन मद सं0 9, 21, 32, 40 और सं. 41के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि ;

(ii) विद्यमान सड़कों को चौड़ा और सुदृढ़ बनाना ;

(iii) प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग, सुविधाजनक भंडार और स्थानीय सुख-सुविधाएं हैं; और

(v) वर्षा जल संचयन ।

परंतु यह और कि जनजातीय भूमि का उपयोग राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों** - आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे जो कि आंचलिक महायोजना के भाग रूप में होगी ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग द्वारा राज्य सरकार के वन और पर्यावरण विभाग के परामर्श से तैयार की जाएगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व देते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा;

(ii) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटक क्रियाकलापों के संबंध में अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर भीतर होटल और रिसोर्टों का नया संनिर्माण अनुज्ञात नहीं होगा;

परंतु संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा तक नए होटल और रिसोर्ट की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधा के लिए पूर्व परिभाषित और विनिर्दिष्ट स्थान में ही अनुज्ञात किया जाएगा ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986, के अंतर्गत ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के प्रावधानों के आधार पर तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण सामान्य मानकों के लिए पर्यावरणीय प्रदूषित आच्छादित के निस्सारण के अंतर्गत पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट -** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(आ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.नि. 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(11) **यानीय परिवहन** - परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(12) औद्योगिक इकाईयां - (क) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन में विधि के अनुसार स्थापित विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योगों के सिवाए नए काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(ख) जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले किसी नए उद्योग की प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन में स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और उनको तोड़ने की इकाइयां प्रतिषिद्ध हैं, सिवाय निवासियों की वास्तविक घरेलू आवश्यकताओं के नहीं होंगी, जिसके अंतर्गत गृहों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए मिट्टी की खुदाई और व्यक्तिक उपभोग के लिए गृहों के निर्माण के लिए देशी टाइलों या ईंटों का संनिर्माण भी है । (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
2.	आरा मीलों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मीलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
4.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए और विद्यमान प्रदूषण कारित करने वाले का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
5.	नई बृहत ताप और जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
6.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
7.	प्लास्टिक थैलों का उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
8.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
	विनियमित क्रियाकलाप	
9.	होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे : परन्तु वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुरुप होगा । वाणिज्यिक पारिस्थितिक पर्यटन के साथ "वन्यजीव निवास में गैर वानिकी क्रियाकलापों के लिए दिशा-निर्देशों" के अनुसार जारी एफ. सं. 610/2011 वन्यजीव तारीख 15-03.2011 द्वारा पर्यावरण और वन मंत्रालय (वन्यजीव

		प्रभाग), नई दिल्ली और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा निर्देशों (यदि लागू हो) के साथ विनियमित किया जाएगा ।
10.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र या पारिस्थितिक संवेदी जोन जो भी निकट हो की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण करने की अनुमति दी जाएगी । परन्तु यह और कि ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ख) एक किलोमीटर से आगे और पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा तक वास्तविक स्थानीय आवश्यकताओं के लिए संनिर्माण की अनुज्ञा दी जाएगी और अन्य वाणिज्यिक संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुरूप होंगे।
11.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारों आदि द्वारा राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
12.	ट्रेन्चिंग ग्राउंड ।	नए ट्रेन्चिंग ग्राउंड की स्थापना प्रतिषिद्ध है । पुराने ट्रेन्चिंग ग्राउंड को लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।
13.	प्राकृतिक जल निकायों में बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्ट का निस्सारण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
14.	वायु और यानिक प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
15.	ध्वनि प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
16.	भूमिगत जल का निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
17.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी । (ग) आरक्षित वनों और संरक्षित वनों की दशा कार्ययोजना में दिए गए विवरण का अनुसरण किया जाएगा ।
18.	प्रवासी चारवाहे।	लागू विधियों के अधीन और आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे।
19.	विद्यमान स्थापना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
20.	विद्युत लाइनों का रोधन ।	भूमि में केबल डालने को प्रोत्साहित करना। पारिस्थितिक संवेदी जोन से होकर गुजरने वाली सभी विद्यमान विद्युत लाईनों को आंचलिक महायोजना के अधीन विहित समय सीमा में पर्याप्त रूप से रोधित किया जाएगा ।
21.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना।	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनीकरण उपाय यथा लागू अनुसार होंगे ।
22.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । वन्यजीव के मुक्त संचलन को अनुज्ञात करने के लिए पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर होटलों या अन्य वाणिज्यिक स्थापना अपनी परिसंपत्तियों में कांटेदार से बाड नहीं लगाएंगे और कोई भी बाड़ एक मीटर से ऊंची नहीं होगी । कोई विद्यमान बाड़, जो इस उपदर्श का अनुपालन नहीं करती है, को

		आंचलिक महायोजना में वर्णित समय-सीमा के अनुसार उपांतरित किया जाएगा ।
23.	नदियों / जल बोर्ड में मछली पकड़ना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
24.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	मोबाईल टावरों की स्थापना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	प्राकृतिक जल संसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग, जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
30.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
31.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	जब तक आंचलिक महायोजना के अधीन अनुज्ञात न किया जाए जब तक 1 से 10 मीटर के पहाड़ी ढलानों पर और किसी नदी तट और प्राकृतिक नाले से 100 मीटर तक कोई संन्निर्माण क्रियाकलाप नहीं किया जाएगा।
32.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में देशीय माल से उत्पादों का उत्पादन करने वाले गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात किए जाएंगे ।
33.	रज्जुमार्ग का निर्माण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
34.	सुरक्षा राज्य-विप्लव की स्थापना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
35.	पारिस्थितिक-पर्यटन क्रियाकलाप ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
36.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	संवर्धित क्रियाकलाप	
37.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जल कृषि और मछली पालन ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
38.	जैविक कृषि।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
39.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
40.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
41.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
42.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा |
43.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
44.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
45.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।

5. मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

(i) प्रभागीय आयुक्त, मुंगेर राजस्व प्रभागीय- अध्यक्ष;

(ii) बिहार सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट पारिस्थितिक और पर्यावरण क्षेत्र प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए एक विशेषज्ञ- सदस्य;

(iii)	कृषि विभाग, प्रतिनिधि, बिहार सरकार-	सदस्य;
(iv)	पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) का प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए बिहार राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि-	सदस्य;
(v)	वन और पर्यावरण विभाग, प्रतिनिधि, बिहार सरकार-	सदस्य;
(vi)	प्रादेशिक अधिकारी, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-	सदस्य;
(vii)	जल संसाधन विभाग, प्रतिनिधि, बिहार सरकार-	सदस्य;
(viii)	राज्य जैव-विविधता बोर्ड का सदस्य	सदस्य;
	(ix) संबंधित प्रादेशिक प्रभागीय वन अधिकारी - सदस्य सचिव।	

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(5) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(6) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(7) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(8) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध V** पर उपाबद्ध रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(9) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

6. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/198/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिक संवेदी जोन में स्थित ग्रामों की सूची के साथ अक्षांश-देशांतर निर्देशांकों और पारिस्थितिक संवेदी जोन में सम्मिलित क्षेत्र				
जिला- जमुई खंड – बरहत				
क्र.सं.	**ग्रामों के नाम के साथ थाना सं.**	**अक्षांश (डिग्री में, उत्तर) (देशांतर डिग्री में, पूर्व)**	**पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल क्षेत्र**	**टिप्पणी**
1	बहेरा (3)	25.00542 86.31696	193.36	खंड ग्राम
2	बरहत (2)	25.01018 86.29465	843.90	खंड ग्राम
3	भालुका (13)	25.00275 86.26287	386.48	संपूर्ण ग्राम
4	मालेपुर (12)	24.99286 86.26603	307.05	खंड ग्राम
5	मोहनपुर (15)	24.98908 86.23210	79.32	खंड ग्राम
		24.99115 86.24301		
		25.00020 86.24537		
6	टोला असुरनी (1/39)	25.06347 86.28857	4.45	अंत: क्षेत्र ग्राम
7	टोला बबुदरे (1/35)	25.09463 86.33844	20.24	अंत: क्षेत्र ग्राम
8	टोला बगस्वरी (1/41)	25.07787 86.37783	6.88	अंत: क्षेत्र ग्राम
9	टोला बकम (1/43)	25.08053 86.37483	29.55	अंत: क्षेत्र ग्राम
10	टोला बेलातंर (1/42)	25.07743 86.38833	29.55	अंत: क्षेत्र ग्राम
11	टोला बोर भण्डारी (1/33)	25.10925 86.36183	70.44	अंत: क्षेत्र ग्राम
12	टोला चोरमारा (1/34)	25.10574 86.36662	36.84	अंत: क्षेत्र ग्राम
13	टोला गुरमहा (1/36)	25.08285 86.32785	95.95	अंत: क्षेत्र ग्राम

IndiaCode

14	टोला जमुनीइतनर (1/40)	25.08348 86.37135	11.33	अंत: क्षेत्र ग्राम
15	टोला करहारा (1/38)	25.07179 86.30421	34.41	अंत: क्षेत्र ग्राम
16	टोला करमगटट् (1/45)	25.13142 86.40028	3.23	अंत: क्षेत्र ग्राम
17	टोला मुसेरीतनर (1/37)	25.08904 86.32542	87.45	अंत: क्षेत्र ग्राम
18	टोला नरोकोल (1/31)	25.10961 86.40643	13.36	अंत: क्षेत्र ग्राम
19	टोला परसतरी (1/32)	25.11315 86.3699	23.48	अंत: क्षेत्र ग्राम

खंड -लक्ष्मीपुर जिला- जमुई				
क्र.सं..	ग्राम के नाम के साथ थाना सं.	अक्षांश (डिग्री में, उत्तर) देशांतर (डिग्री में, पूर्व)	पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल क्षेत्र	टिप्पणी
1	अनंतपुर (174)	25.0214 86.37634	1089.35	संपूर्ण ग्राम
2	असोटा (186)	24.95663 86.41324	66.36	संपूर्ण ग्राम
3	बिशनपुर(187)	24.96306 86.42137	50.89	संपूर्ण ग्राम
4	चेहरजोर (198)	24.94756 86.42725	23.06	संपूर्ण ग्राम
5	दोमाचाक (177)	24.99626 86.40658	52.2	संपूर्ण ग्राम
6	गहुमन (196)	24.94322 86.43322	6.07	संपूर्ण ग्राम
7	हरचाक (189)	24.97057 86.42434	136.64	संपूर्ण ग्राम
8	हरेला(178)	24.99056 86.55228	451.79	संपूर्ण ग्राम
9	काला (180)	24.97031 86.41511	289.58	संपूर्ण ग्राम
10	लता (199)	24.9518 86.43304	39.64	संपूर्ण ग्राम
11	मलसारी (185)	24.94109 86.43245	5.66	संपूर्ण ग्राम

IndiaCode

12	मातिया (168)	25.0138 86.33343 24.99973 86.40565	718.25	संपूर्ण ग्राम
13	नजारी (175)	25.02255 86.40681 25.00843 86.3902	849.03	खंड ग्राम
14	ओझादीह (188)	24.95853 86.42383 24.98645 86.41089	124.54	संपूर्ण ग्राम
15	पेमादीह (202)	24.94955 86.44823	62.82	संपूर्ण ग्राम
16	पीदराउन (119)	24.9529 86.42509	201.02	संपूर्ण ग्राम
17	सबलपुर (201)	24.94984 86.44022	77.76	संपूर्ण ग्राम
18	टेलियादीह (200)	24.95137 86.4361	66.78	संपूर्ण ग्राम
19	तेनगहरा (176)	25.01555 86.5215	282.89	खंड ग्राम
20	तेतरिया (208)	24.9402 86.45605	98.74	खंड ग्राम
21	टोला बारवादीह (209/4)	24.93776 86.49051	41.28	संपूर्ण ग्राम
22	टोला बेला टिकुर (209/3)	24.93927 86.48123	47.34	खंड ग्राम
23	टोला घोरलाका (209/1)	24.9411 86.47324	49.37	खंड ग्राम
24	टोला कमलु (203/7)	24.94699 86.48312	473.82	संपूर्ण ग्राम
25	टोलाकस्बा दीगही (203/6)	24.94049 86.44309	109.75	संपूर्ण ग्राम
26	टोला शिवसोना (209/5)	24.93427 86.48422	55.03	संपूर्ण ग्राम
27	टोला सुखसन (203/5)	24.9528 86.45851 24.94809 86.46242	379.99	खंड ग्राम

IndiaCode

28	टोला सुनदरोतनर (209/2)	24.93719 86.46748 24.93315 86.47829	141.86	खंड ग्राम
29	टोला थारी (203/1)	24.98765 86.47325	336.07	अंत: क्षेत्र ग्राम

खंड- जामुई जिला- जामुई					
क्र. सं	ग्राम के नाम के साथ थाना सं.	अक्षांश (डिग्री में, उत्तर)	देशांतर (डिग्री में, पूर्व)	पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल क्षेत्र	टिप्पणी
1	लखनपुर (220)	25.01506	86.20161	260.61	संपूर्ण ग्राम
2	परतापुर (221)	25.00263	86.20428	123.83	संपूर्ण ग्राम

जिला - लखीसराये खंड –सूर्यागढ़				
क्र.सं.	**ग्राम के नाम के साथ थाना सं.**	**अक्षांश (डिग्री में, उत्तर) देशांतर (डिग्री में, पूर्व)**	**पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल क्षेत्र**	**टिप्पणी**
1	अजोधाई (101)	25.1758 86.2679	31.97	संपूर्ण ग्राम
2	अमरपुर (51)	25.14765 86.17179	64.35	खंड ग्राम
3	अराजी माझहीआवन (141)	25.15365 86.21492	1.62	संपूर्ण ग्राम
4	बारा (118)	25.15261 86.22495	40.46	संपूर्ण ग्राम
5	बारियरपुर (80)	25.19033 86.30369	61.67	खंड ग्राम
6	बसउनी (59)	25.23253 86.37951	329.01	खंड ग्राम
7	बसुहर (121)	25.15845 86.2246	44.11	संपूर्ण ग्राम
8	भगतपुर (76)	25.20156 86.32268	47.35	खंड ग्राम
9	भुधाउली अरजी (113)	25.16372 86.24237	1.21	संपूर्ण ग्राम

IndiaCode

10	बिसुनपुर (86)	25.21634 86.32506 25.21787 86.32915 25.21832 86.33478 25.18374 86.28342	140.25	खंड ग्राम
11	भुधाउली अरजी (122)	25.15655 86.22155	8.9	संपूर्ण ग्राम
12	भुधाउली बनकर (99)	25.12119 86.2017 25.21243 86.34535 25.14643 86.23676	1087.01	खंड अंत: क्षेत्र
13	भुधाउली मिल्क (117)	25.14785 86.22473	36.01	संपूर्ण ग्राम
14	भुधाउली समदा (112)	25.16442 86.24502	13.35	संपूर्ण ग्राम
15	चाकथनी (108)	25.17686 86.26287	6.88	संपूर्ण ग्राम
16	चामपानगर (142)	25.14654 86.21178	158.63	संपूर्ण ग्राम
17	चाउकरा (74)	25.21707 86.32672 25.21792 86.33226 25.2093 86.33237 25.22074 86.3414	330.98	संपूर्ण ग्राम
18	चौरा (77)	25.19718 86.34736	676.91	संपूर्ण ग्राम
19	धरमपुर (88)	25.1826 86.2722	19.76	खंड ग्राम
20	घोघी (79)	25.19166 86.31352	64.12	खंड ग्राम
21	हील ब्लॉक (95)	25.1491 86.2561	33.48	संपूर्ण ग्राम

IndiaCode

		25.17753 86.31709 25.17933 86.32144 25.18203 86.33036 25.18811 86.34592		
22	जोगपुर (90)	25.18428 86.26957	2.79	खंड ग्राम
23	काईरा (143)	25.14858 86.19662	512.72	संपूर्ण ग्राम
24	कसबा (63)	25.21841 86.33742 25.22283 86.34902 25.2241 86.34382	105.19	खंड ग्राम
25	केसुपुर (93)	25.17627 86.25887	113.31	संपूर्ण ग्राम
26	खुदीबन (60)	25.21642 86.34707 25.22155 86.3427 25.21146 86.36201 25.22308 86.3796	281.01	संपूर्ण ग्राम
27	Maha माहा(61)	25.22958 86.35129	23.08	खंड ग्राम
28	महारथपुर (85)	25.19027 86.29354	15.62	खंड ग्राम
29	माझीअवान(140)	25.15848 86.20906	244.53	संपूर्ण ग्राम
30	मासुदन (58)	25.22367 86.35542 25.22692 86.37103 25.23178 86.36374	262.89	खंड ग्राम

IndiaCode

31	नरोतीमपुर (109)	25.17849 86.26062	82.13	खंड ग्राम
32	पुनादीह(116)	25.15707 86.23227	140.82	संपूर्ण ग्राम
33	रामचनद्रपुर(78)	25.19042 86.32265	203.23	खंड ग्राम
34	रामपुर(75)	25.20799 86.31697	50.42	खंड ग्राम
35	सहीबदीह (115)	25.15961 86.24236	126.66	संपूर्ण ग्राम
36	सिरिगहना (100)	25.16475 86.26512	308.54	संपूर्ण ग्राम
37	सिरिकिशुन (111)	25.16046 86.2557	599.89	खंड ग्राम

जिला- लखीसराये
खंड - चानन

क्र.सं..	**ग्राम के नाम के साथ थाना सं.**	**अक्षांश (डिग्री में, उत्तर) देशांतर (डिग्री में, पूर्व)**	**पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल क्षेत्र**	**टिप्पणी**
1	बन्नू बगईया (36)	25.11718 86.17719	103.57	खंड ग्राम
2	बरारे (38)	25.11388 86.19137	88.62	संपूर्ण ग्राम
3	बसकुंद (97)	25.05717 86.21317	923.36	संपूर्ण ग्राम
		25.06239 86.21221		संपूर्ण ग्राम
4	भट्टा (53)	25.06052 86.19367	150.13	संपूर्ण ग्राम
5	भट्टा (44)	25.04495 86.19367	21.85	संपूर्ण ग्राम
		25.05828 86.19414		संपूर्ण ग्राम
6	भुइनका (35)	25.12702 86.16001	278.21	संपूर्ण ग्राम
7	दरहीशीर (33)	25.13077 86.17953	163.19	संपूर्ण ग्राम
		25.13473 86.14923		संपूर्ण ग्राम

IndiaCode

8	धानवो (39)	25.10338 86.18939	352.88	संपूर्ण ग्राम
9	गोपालपुर(47)	25.03095 86.20868	513.89	संपूर्ण ग्राम
10	गुलनी (34)	25.12457 86.18167	128.28	संपूर्ण ग्राम
11	जानकीदीह (42)	25.08961 86.19932	377.97	संपूर्ण ग्राम
12	कुमादर(48)	25.00253 86.22385	610.90	संपूर्ण ग्राम
13	माहुलिया (45)	25.06052 86.2115	142.85	संपूर्ण ग्राम
		25.06301 86.21202		
		25.05953 86.20328		
14	मनपुर (96)	25.04939 86.20507	338.00	संपूर्ण ग्राम
15	रामशीर (32)	25.1432 86.17918	276.61	संपूर्ण ग्राम
16	राउता (49)	25.03486 86.18903	278.41	संपूर्ण ग्राम
17	सहराई (37)	25.12047 86.19001	29.13	संपूर्ण ग्राम
18	संग्रामपुर(43)	25.07399 86.19772	439.42	खंड ग्राम
19	सिंग चाक (30)	25.14494 86.16321	114.71	खंड ग्राम

जिला-मुंगेर
खंड-बरियारपुर

क्र.सं.	**ग्राम के नाम के साथ थाना सं.**	**अक्षांश (डिग्री में, उत्तर) देशांतर (डिग्री में, पूर्व)**	**पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल क्षेत्र**	**टिप्पणी**
1	चीरियाबंद (107)	25.30154 86.53753	174.01	संपूर्ण ग्राम
2	गोसेन चाक (97)	25.29155 86.54072	48.96	संपूर्ण ग्राम
3	कजी चाक (95)	25.30152	22.66	संपूर्ण ग्राम

IndiaCode

		86.54816		
4	खरग सरही (105)	25.27091 86.53652	210.43	संपूर्ण ग्राम
5	मधीदीह (108)	25.30545 86.54293	8.09	संपूर्ण ग्राम
6	पसी चाक (101)	25.2842 86.53473	0.40	संपूर्ण ग्राम
7	पसी चाक (102)	25.29369 86.53643	70.81	संपूर्ण ग्राम
8	पसी चाक (103)	25.29155 86.54505	24.68	संपूर्ण ग्राम
9	पसी चाक	25.29594 86.53734		संपूर्ण ग्राम
10	पसी चाक	25.28611 86.53405		संपूर्ण ग्राम
11	राजधान (94)	25.29205 86.5395	60.7	संपूर्ण ग्राम
12	राजधान (98)	25.29596 86.54364	25.09	संपूर्ण ग्राम
13	राजधान अरजी (99)	25.29 86.53513	2.02	संपूर्ण ग्राम
14	रखस चुलहा (106)	25.29621 86.52722	29.13	संपूर्ण ग्राम
15	रखस चुलहा	25.29551 86.53327		संपूर्ण ग्राम
16	रतनपुर (96)	25.28233 86.53408	350.45	संपूर्ण ग्राम
17	रतनपुर	25.283 86.53269		संपूर्ण ग्राम
18	रतनपुर	25.28242 86.54372		संपूर्ण ग्राम

IndiaCode

जिला-मुंगेर खंड- हवेली खारगपुर				
क्र.सं.	**ग्राम के नाम के साथ थाना सं.**	**अक्षांश (डिग्री में, उत्तर) देशांतर (डिग्री में, पूर्व)**	**पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल क्षेत्र**	**टिप्पणी**
1	औरिया (389)	25.07333 86.5027	81.34	संपूर्ण ग्राम
2	बहीरा (17)	25.22577 86.56517	225.55	खंड ग्राम

		25.27459 86.53072		
3	बनकटी (154)	25.19648 86.56732	28.73	संपूर्ण ग्राम
4	बरगोरी (156)	25.19389 86.5695	19.83	संपूर्ण ग्राम
5	भगवानपुर (386)	25.07278 86.49116	94.99	संपूर्ण ग्राम
6	भीमबंद (412)	25.06045 86.40248	106.94	संपूर्ण ग्राम
7	बीरजपुर अरजी (1)	25.27212 86.53591	0.40	संपूर्ण ग्राम
8	बीरजपुर अरजी (1)	25.27359 86.53906	20.94	संपूर्ण ग्राम
9	बीरोजपुर (10)	25.25544 86.53846	183.1	संपूर्ण ग्राम
10	बोसदियोपुर (388)	25.06574 86.49897	81.06	संपूर्ण ग्राम
11	चंदपुर (151)	25.20354 86.56864	117.76	संपूर्ण ग्राम
12	दमनकोहा (414)	25.15866 86.54188	75.12	संपूर्ण ग्राम
13	दानागरा चाक (3)	25.27263 86.54608	73.65	संपूर्ण ग्राम
14	दरियापुर (381)	25.14011 86.54306	341.57	संपूर्ण ग्राम
15	दोनरा (405)	25.033 86.52841	145.28	संपूर्ण ग्राम
16	गईघाट (411)	25.0813 86.50135	944.21	संपूर्ण ग्राम
17	गंगटा (410)	25.02916 86.50293 25.11586 86.49892	560.95	संपूर्ण ग्राम
18	गोराखर (155)	25.18922 86.55179 25.19137 86.56383	130.02	संपूर्ण ग्राम
19	गोबद्दा (157)	25.18518 86.55411	313.62	संपूर्ण ग्राम

IndiaCode

		25.18347 86.57101		
20	गोपालपुर (149)	25.21124 86.55683 25.21423 86.56705	151.09	खंड ग्राम
21	इस्लामपुर (404)	25.0419 86.49488	422.01	संपूर्ण ग्राम
22	जगदीसपुर (408)	25.0322 86.52167	96.71	संपूर्ण ग्राम
23	जल संकरा (159)	25.17764 86.56816	31.96	संपूर्ण ग्राम
24	खोजा चाक (384)	25.08891 86.50937	178.39	संपूर्ण ग्राम
25	लच्चु चाक (8)	25.25067 86.54511	127.06	संपूर्ण ग्राम
26	लारई (161)	25.1696 86.56887	126.42	संपूर्ण ग्राम
27	लारूहिया (409)	25.03601 86.51742	45.32	संपूर्ण ग्राम
28	मधुबन (169)	25.15222 86.55036	419.12	संपूर्ण ग्राम
29	मतसुमभ (385)	25.07765 86.48335	298.21	संपूर्ण ग्राम
30	मुरादे (383)	25.0974 86.51297 25.11057 86.49836 25.12061 86.52153	473.33	खंड ग्राम
31	पहरपुर (11)	25.23504 86.55139 25.23504 86.55139	297.76	खंड ग्राम
32	पहरपुर (7)	25.25197 86.39834 25.05873 86.5169	3.00	संपूर्ण ग्राम संपूर्ण ग्राम
33	परमनंदपुर (389)	25.06577 86.48883	73.14	संपूर्ण ग्राम

IndiaCode

34	परसनदो (168)	25.1571 86.56554	283.68	संपूर्ण ग्राम
35	पसी चाक (9)	25.25769 86.52656	3.64	संपूर्ण ग्राम
36	राउनाकाबाद (382)	25.05793 86.49367	1933.19	संपूर्ण ग्राम
37	राउनाकाबाद (413)	25.05793 86.49367	76.53	अंत: क्षेत्र ग्राम
38	कनदनी (413/29)			
39	राजासारा (413/28)			
40	सगरामपुर (2)	25.26447 86.5348	206.38	संपूर्ण ग्राम
		25.26949 86.53563		
		25.26653 86.54292		
41	शमपुर (150)	25.20303 86.56104	83.97	संपूर्ण ग्राम
42	तेलियादीह (12)	25.24246 86.55729	164.51	खंड ग्राम
43	टोला बनहारा (397)	25.07763 86.48188	1051.95	संपूर्ण ग्राम
		25.08207 86.4884		
		25.17302 86.55629		

IndiaCode

जिला-मुंगेर खंड-धरहरा				
क्र.सं.	**ग्राम के नाम के साथ थाना सं.**	**अक्षांश (डिग्री में, उत्तर) देशांतर (डिग्री में, पूर्व)**	**पारिस्थितिक संवेदी जोन में शामिल क्षेत्र**	**टिप्पणी**
1	अदलपुर (331)	25.25796 86.43761	57.63	खंड ग्राम
2	अदलपुर (340)	25.25864 86.43121	3.16	संपूर्ण ग्राम
3	अफजुपुर (262)	25.23533 86.41154	82.31	संपूर्ण ग्राम
		25.24118 86.42719		संपूर्ण ग्राम

4	अमारी (252)	25.24817 86.44127	134.35	संपूर्ण ग्राम
5	अतवलपुर (244)	25.23978 86.4573	212.05	संपूर्ण ग्राम
6	अजमगंज (289)	25.20899 86.38933	27.12	संपूर्ण ग्राम
